Series BQQPP/3

SET ~ 1

प्रश्न-पत्र कोड
Q.P. Code **32/3/1**

रोल नं.
Roll No.

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | | | |

परीक्षार्थी प्रश्न-पत्र कोड को उत्तर-पुस्तिका के मुख-पृष्ठ पर अवश्य लिखें ।
Candidates must write the Q.P. Code on the title page of the answer-book.

**नोट / NOTE :**

(i) कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्न-पत्र में मुद्रित पृष्ठ **9 + 1** मानचित्र हैं ।
Please check that this question paper contains **9** printed pages +**1** Map.

(ii) प्रश्न-पत्र में दाहिने हाथ की ओर दिए गए प्रश्न-पत्र कोड को परीक्षार्थी उत्तर-पुस्तिका के मुख-पृष्ठ पर लिखें ।
Q.P. Code given on the right hand side of the question paper should be written on the title page of the answer-book by the candidate.

(iii) कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्न-पत्र में **13** प्रश्न हैं ।
Please check that this question paper contains **13** questions.

(iv) **कृपया प्रश्न का उत्तर लिखना शुरू करने से पहले, उत्तर-पुस्तिका में प्रश्न का क्रमांक अवश्य लिखें ।**
**Please write down the serial number of the question in the answer-book before attempting it.**

(v) इस प्रश्न-पत्र को पढ़ने के लिए 15 मिनट का समय दिया गया है । प्रश्न-पत्र का वितरण पूर्वाह्न में 10.15 बजे किया जाएगा । 10.15 बजे से 10.30 बजे तक छात्र केवल प्रश्न-पत्र को पढ़ेंगे और इस अवधि के दौरान वे उत्तर-पुस्तिका पर कोई उत्तर नहीं लिखेंगे ।
15 minute time has been allotted to read this question paper. The question paper will be distributed at 10.15 a.m. From 10.15 a.m. to 10.30 a.m., the students will read the question paper only and will not write any answer on the answer-book during this period.

# सामाजिक विज्ञान
# SOCIAL SCIENCE

*निर्धारित समय : 2 घण्टे*
*Time allowed : 2 hours*

*अधिकतम अंक : 40*
*Maximum Marks : 40*



ZOLLEGE.in

## *सामान्य निर्देश :*

*निम्नलिखित निर्देशों को बहुत सावधानी से पढ़िए और उनका सख़्ती से पालन कीजिए :*

*(i)* *यह प्रश्न-पत्र* ***पाँच*** *खण्डों में विभाजित किया गया है –* ***खण्ड क, ख, ग, घ*** *और* ***ङ*** *। इस प्रश्न-पत्र में प्रश्नों की संख्या* ***13*** *है ।* ***सभी*** *प्रश्न अनिवार्य हैं ।*

*(ii)* ***खण्ड क*** *में प्रश्न संख्या* ***1*** *से* ***5*** *तक अति लघु-उत्तरीय प्रकार के प्रश्न हैं, प्रत्येक प्रश्न* ***2*** *अंकों का है । प्रत्येक प्रश्न का उत्तर* ***40*** *शब्दों से अधिक नहीं होना चाहिए ।*

*(iii)* ***खण्ड ख*** *में प्रश्न संख्या* ***6*** *से* ***8*** *तक लघु-उत्तरीय प्रकार के प्रश्न हैं, प्रत्येक प्रश्न* ***3*** *अंकों का है । प्रत्येक प्रश्न का उत्तर* ***80*** *शब्दों से अधिक नहीं होना चाहिए ।*

*(iv)* ***खण्ड ग*** *में प्रश्न संख्या* ***9*** *और* ***10*** *दीर्घ-उत्तरीय प्रकार के प्रश्न हैं । प्रत्येक प्रश्न* ***5*** *अंकों का है । प्रत्येक प्रश्न का उत्तर* ***120*** *शब्दों से अधिक नहीं होना चाहिए ।*

*(v)* ***खण्ड घ*** *में प्रश्न संख्या* ***11*** *और* ***12*** *केस-आधारित प्रश्न हैं, प्रत्येक प्रश्न* ***4*** *अंकों का है ।*

*(vi)* ***खण्ड ङ*** *में प्रश्न संख्या* ***13*** *मानचित्र-आधारित है । यह प्रश्न* ***3*** *अंकों का है जिसके दो भाग हैं –* ***13 (क)*** *इतिहास से (****1*** *अंक) तथा* ***13 (ख)*** *भूगोल से (****2*** *अंक) ।*

*(vii)* *प्रश्न-पत्र में समग्र पर कोई विकल्प नहीं है । तथापि, कुछ प्रश्नों में आंतरिक विकल्प दिए गए हैं । ऐसे प्रश्नों में से* ***केवल एक ही विकल्प का उत्तर*** *लिखिए ।*

*(viii)* ***मानचित्र*** *को अपनी उत्तर-पुस्तिका के साथ संलग्न कीजिए ।*

### खण्ड क

### (अति लघु-उत्तरीय प्रश्न) *(5×2=10)*

**1.** सत्याग्रह पर महात्मा गाँधी के विचारों का उल्लेख कीजिए । *2*

**2.** जूट वस्त्र उद्योग के समक्ष प्रमुख समस्याओं को स्पष्ट कीजिए । *2*

**3.** एक सामंजस्यपूर्ण सामाजिक जीवन प्राप्त करने के लिए लोकतंत्र को किन दो शर्तों को पूरा करना चाहिए ? उल्लेख कीजिए । *2*

**4.** उस स्थिति का विश्लेषण कीजिए जिसमें ऋण, ऋणकर्ता को ऐसी स्थिति में धकेलता है जिससे निकलना बहुत कष्टदायक होता है । *2*



ZOLLEGE.in

***General Instructions :***

*Read the following instructions very carefully and strictly follow them :*

*(i)* *This question paper comprises* ***five*** *sections –* ***Sections A, B, C, D*** *and* ***E****. There are* ***13*** *questions in the question paper.* ***All*** *questions are compulsory.*

*(ii)* ***Section A*** *– Questions no.* ***1*** *to* ***5*** *are very short answer type questions, carrying* ***2*** *marks each. Answer to each question should not exceed* ***40*** *words.*

*(iii)* ***Section B*** *– Questions no.* ***6*** *to* ***8*** *are short answer type questions, carrying* ***3*** *marks each. Answer to each question should not exceed* ***80*** *words.*

*(iv)* ***Section C*** *– Questions no.* ***9*** *and* ***10*** *are long answer type questions, carrying* ***5*** *marks each. Answer to each question should not exceed* ***120*** *words.*

*(v)* ***Section D*** *– Questions no.* ***11*** *and* ***12*** *are case-based questions, carrying* ***4*** *marks each.*

*(vi)* ***Section E*** *– Question no.* ***13*** *is map-based, carrying* ***3*** *marks with two parts,* ***13(a)*** *from History (****1*** *mark) and* ***13(b)*** *from Geography (****2*** *marks).*

*(vii)* *There is no overall choice in the question paper. However, an internal choice has been provided in few questions.* ***Only one of the choices*** *in such questions have to be attempted.*

*(viii)* *Attach* ***Map*** *along with your answer-book.*

## SECTION A

**(Very Short Answer Type Questions)** *(5×2=10)*

**1.** Mention the views of Mahatma Gandhi on Satyagraha. *2*

**2.** Explain the major concerns of Jute Textile industry. *2*

**3.** Mention the two conditions that democracy must fulfil in order to achieve a harmonious social life. *2*

**4.** Analyse the situation in which credit pushes the borrower into a situation from which recovery is painful. *2*



ZOLLEGE.in

5. निम्नलिखित तालिका को पढ़िए और उसके नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए :

**भारतीय रेल नेटवर्क**

| गेज मीटर में | रूट (किमी) | वहन मार्ग (किमी) | कुल मार्ग (किमी) |
|---|---|---|---|
| बड़ी लाइन (1.676) | 63,491 | 89,521 | 1,17,560 |
| मीटर लाइन (1.000) | 3,200 | 3,462 | 3,775 |
| छोटी लाइन (0.762 तथा 0.610) | 1,751 | 1,752 | 1,901 |
| **कुल** | **68,442** | **94,735** | **1,23,236** |

(5.1) भारत में पहाड़ी क्षेत्रों में किस गेज मार्ग की लंबाई अधिकतम है ? *1*

(5.2) भारत में किस लाइन की लंबाई सर्वाधिक है ? *1*

## खण्ड ख

### (लघु-उत्तरीय प्रश्न) *(3×3=9)*

6. (क) विश्व व्यापार संगठन में विकासशील देशों के लिए हुई चर्चा की परख कीजिए । *3*

**अथवा**

(ख) भारत में विदेशी कंपनियों को निवेश के लिए आकर्षित करने के लिए केन्द्र और राज्य सरकारों द्वारा उठाए गए कदमों का परीक्षण कीजिए । *3*

7. "देश को एकजुट करने के लिए महात्मा गाँधी को 'नमक' एक शक्तिशाली प्रतीक दिखाई दिया ।" इस कथन की तीन तर्कों सहित पुष्टि कीजिए । *3*

8. "लोकतंत्र की अपने लिए समर्थन उत्पन्न करने की क्षमता स्वयं एक परिणाम ही है और इसकी अनदेखी नहीं की जा सकती ।" इस कथन का तीन उदाहरणों सहित विश्लेषण कीजिए । *3*

## खण्ड ग

### (दीर्घ-उत्तरीय प्रश्न) *(2×5=10)*

9. (क) "विश्वभर की लोकतांत्रिक व्यवस्थाओं में राजनीतिक दल सर्वव्यापी हो गए हैं ।" उदाहरणों सहित कथन की व्याख्या कीजिए । *1×5=5*

**अथवा**

(ख) "भारत में राजनीतिक दलों को मज़बूत करने के लिए कई सुधार किए गए हैं ताकि वे अपने कार्यों को अच्छी तरह से कर सकें ।" उदाहरणों सहित कथन की व्याख्या कीजिए । *1×5=5*

10. (क) 'स्वयं सहायता समूह' ग्रामीण ग़रीबों को किस प्रकार संगठित करने में मदद करते हैं ? उदाहरणों सहित व्याख्या कीजिए । *1×5=5*

**अथवा**

(ख) औपचारिक और अनौपचारिक ऋणदाताओं के बीच ऋण किस प्रकार काफी हद तक भिन्न होता है ? उदाहरणों सहित व्याख्या कीजिए । *1×5=5*



ZOLLEGE.in

**5.** Read the following table and answer the questions that follow :

**The Indian Railway network**

| Gauge in metres | Route (km) | Running Track (km) | Total Track (km) |
|---|---|---|---|
| Broad Gauge (1.676) | 63,491 | 89,521 | 1,17,560 |
| Metre Gauge (1.000) | 3,200 | 3,462 | 3,775 |
| Narrow Gauge (0.762 and 0.610) | 1,751 | 1,752 | 1,901 |
| **Total** | **68,442** | **94,735** | **1,23,236** |

(5.1) Which gauge covers maximum of track length in hilly areas in India ? *1*

(5.2) Which gauge has the highest length in India ? *1*

## SECTION B

### (Short Answer Type Questions) *(3×3=9)*

**6.** (a) Examine the debate that took place in the World Trade Organisation for the developing countries. *3*

**OR**

(b) Examine the steps taken by the Central and State governments to attract foreign companies to invest in India. *3*

**7.** "Mahatma Gandhi found, in 'salt', a powerful symbol that could unite the nation." Support the statement with three arguments. *3*

**8.** "Democracy's ability to generate its own support is itself an outcome that cannot be ignored." Analyse the statement with three examples. *3*

## SECTION C

### (Long Answer Type Questions) *(2×5=10)*

**9.** (a) "Political parties have become omnipresent in democracies all over the world." Explain the statement with examples. *1×5=5*

**OR**

(b) "There are various reforms taken to strengthen parties in India so that they perform their function well." Explain the statement with examples. *1×5=5*

**10.** (a) How are 'self-help groups' the building blocks of the rural poor ? Explain with examples. *1×5=5*

**OR**

(b) How does the credit vary substantially between formal and informal lenders ? Explain with examples. *1×5=5*



ZOLLEGE.in

## खण्ड घ

## (केस-आधारित प्रश्न) *(2×4=8)*

**11.** नीचे दिए गए केस को ध्यानपूर्वक पढ़िए और उसके नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए : *4*

### सामूहिक अपनेपन की भावना

सामूहिक अपनेपन की यह भावना आंशिक रूप से संयुक्त संघर्षों के चलते पैदा हुई थी । इनके अलावा बहुत सारी सांस्कृतिक प्रक्रियाएँ भी थीं जिनके ज़रिए राष्ट्रवाद लोगों की कल्पना और दिलोदिमाग़ पर छा गया था । इतिहास व साहित्य, लोक कथाएँ व गीत, चित्र व प्रतीक, सभी ने राष्ट्रवाद को साकार करने में अपना योगदान दिया था ।

जैसा कि आप जानते हैं, राष्ट्र की पहचान सबसे ज़्यादा किसी तसवीर में अंकित की जाती है । इससे लोगों को एक ऐसी छवि गढ़ने में मदद मिलती है जिसके ज़रिए वे राष्ट्र को पहचान सकते हैं । बीसवीं सदी में राष्ट्रवाद के विकास के साथ भारत की पहचान भी भारत माता की छवि का रूप लेने लगी । इस छवि के निर्माण का आरंभ बंकिम चन्द्र चट्टोपाध्याय ने किया था । 1870 के दशक में उन्होंने मातृभूमि की स्तुति के रूप में 'वन्दे मातरम्' गीत लिखा था । बाद में इसे उन्होंने अपने उपन्यास *आनन्दमठ* में शामिल कर लिया । यह गीत बंगाल में स्वदेशी आन्दोलन में खूब गाया गया । स्वदेशी आंदोलन की प्रेरणा से अबनीन्द्रनाथ टैगोर ने भारत माता की विख्यात छवि को चित्रित किया । इस पेंटिंग में भारत माता को एक संन्यासिनी के रूप में दर्शाया गया है । वह शांत, गंभीर, दैवी और अध्यात्मिक गुणों से युक्त दिखाई देती है । आगे चल कर जब इस छवि को बड़े पैमाने पर तसवीरों में उतारा जाने लगा और विभिन्न कलाकार यह तसवीर बनाने लगे तो भारत माता की छवि विविध रूप ग्रहण करती गई । इस मातृ छवि के प्रति श्रद्धा को राष्ट्रवाद में आस्था का प्रतीक माना जाने लगा ।

(11.1) 'राष्ट्र' लोगों के मस्तिष्क में एक यथार्थ का रूप कैसे लेता है ? *1*

(11.2) राष्ट्रवाद ने लोगों की कल्पनाओं में कैसे रूप लिया ? *1*

(11.3) विभिन्न समुदायों के लोगों में सामूहिक अपनेपन का भाव किस प्रकार विकसित हुआ ? *2*

**12.** नीचे दिए गए केस को ध्यानपूर्वक पढ़िए और उसके नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए : *4*

### राष्ट्रीय ताप विद्युतगृह कॉरपोरेशन (NTPC) द्वारा दिखाया गया मार्ग

भारत में राष्ट्रीय ताप विद्युतगृह कॉरपोरेशन विद्युत प्रदान करने वाला मुख्य निगम है । इसके पास पर्यावरण प्रबंधन तंत्र (EMS) 14001 के लिए आई एस ओ (ISO) प्रमाण पत्र है । यह निगम प्राकृतिक पर्यावरण और संसाधन जैसे जल, खनिज तेल, गैस तथा ईंधन संरक्षण नीति का हिमायती है तथा इन्हें ध्यान में रखकर ही विद्युत संयंत्रों की स्थापना करता है ।



ZOLLEGE.in

## SECTION D

**(Case-based questions)** *(2×4=8)*

**11.** Read the case given below carefully and answer the questions that follow : *4*

**The Sense of Collective Belonging**

This sense of collective belonging came partly through the experience of united struggles. But there were also a variety of cultural processes through which nationalism captured people's imagination. History and fiction, folklore and songs, popular prints and symbols, all played a part in the making of nationalism.

The identity of the nation, as you know, is most often symbolised in a figure or image. This helps create an image with which people can identify the nation. It was in the twentieth century, with the growth of nationalism, that the identity of India came to be visually associated with the image of Bharat Mata. The image was first created by Bankim Chandra Chattopadhyay. In the 1870s he wrote 'Vande Mataram' as a hymn to the motherland. Later it was included in his novel *Anandamath* and widely sung during the Swadeshi movement in Bengal. Moved by the Swadeshi movement, Abanindranath Tagore painted his famous image of Bharat Mata. In this painting, Bharat Mata is portrayed as an ascetic figure; she is calm, composed, divine and spiritual. In subsequent years, the image of Bharat Mata acquired many different forms, as it circulated in popular prints, and was painted by different artists. Devotion to this mother figure came to be seen as evidence of one's nationalism.

(11.1) How did the 'nation' become a reality in the minds of people ? *1*

(11.2) How did nationalism capture the people's imagination ? *1*

(11.3) How did people belonging to different groups develop a sense of collective belonging ? *2*

**12.** Read the case given below carefully and answer the questions that follow : *4*

**National Thermal Power Corporation (NTPC) shows the way**

NTPC is a major power providing corporation in India. It has ISO certification for EMS (Environment Management System) 14001. The corporation has a proactive approach for preserving the natural environment and resources like water, oil, gas and fuels in places where it is setting up power plants.



ZOLLEGE.in

ऐसा निम्न उपायों द्वारा संभव है :

(क) आधुनिकतम तकनीकों पर आधारित उपकरणों का सही उपयोग करके तथा विद्यमान उपकरणों में सुधार करके ।

(ख) अधिकतम राख का इस्तेमाल कर अपशिष्ट पदार्थों का न्यून उत्पादन करना ।

(ग) पारिस्थितिकी संतुलन बनाए रखने के लिए हरित क्षेत्र की सुरक्षा तथा वृक्षारोपण के लिए प्रेरित करना ।

(घ) तरल अपशिष्ट प्रबंधन, राख-युक्त जलीय पुनर्चक्रण तथा राख-संग्रह (Ash pond) प्रबंधन द्वारा पर्यावरण प्रदूषण को कम करना ।

(ङ) सभी ऊर्जा संयंत्रों का पारिस्थितिकीय रूप से मॉनीटर तथा समीक्षा करना एवं ऑनलाइन आँकड़ों का प्रबंधन करना ।

(12.1) 'सतत पोषणीय विकास' को परिभाषित कीजिए । *1*

(12.2) आई.एस.ओ. (ISO) प्रमाणन के पीछे क्या विचार है ? *1*

(12.3) राष्ट्रीय ताप विद्युतगृह कॉरपोरेशन (NTPC) के सक्रिय दृष्टिकोण की परख कीजिए । *2*

## खण्ड ङ

## (मानचित्र-आधारित प्रश्न) *(1+2=3)*

**13.** (i) दिए गए **भारत** के राजनीतिक रेखा-मानचित्र (पृष्ठ 11 पर), में निम्नलिखित जानकारी की सहायता से 'A' के रूप में चिह्नित स्थान की पहचान कीजिए और उसके पास खींची गई रेखा पर उसका सही नाम लिखिए ।

A. वह स्थान जहाँ जलियाँवाला बाग हत्याकाँड हुआ था । *1*

(ii) दिए गए **भारत** के इसी रेखा-मानचित्र पर निम्नलिखित को अंकित कीजिए और उनके नाम लिखिए ।

(क) (I) सिंगरौली तापीय ऊर्जा संयंत्र *1*

**अथवा**

(II) मुंबई सॉफ्टवेयर टेक्नोलॉजी पार्क *1*

(ख) कोलकाता (नेताजी सुभाष चंद्र बोस) अंतर्राष्ट्रीय हवाई पत्तन *1*

***नोट :*** *निम्नलिखित प्रश्न केवल **दृष्टिबाधित परीक्षार्थियों** के लिए प्रश्न संख्या 13 के स्थान पर हैं ।* *3×1=3*

(13.1) उस राज्य का नाम लिखिए जहाँ जलियाँवाला बाग हत्याकाँड हुआ था । *1*

(13.2) (क) उस राज्य का नाम लिखिए जहाँ सिंगरौली तापीय ऊर्जा संयंत्र स्थित है । *1*

**अथवा**

(ख) उस राज्य का नाम लिखिए जहाँ मुंबई सॉफ्टवेयर टेक्नोलॉजी पार्क स्थित है । *1*

(13.3) उस राज्य का नाम लिखिए जहाँ कोलकाता (नेताजी सुभाष चंद्र बोस) अंतर्राष्ट्रीय हवाई पत्तन स्थित है । *1*



ZOLLEGE.in

This has been possible through :

(a) Optimum utilisation of equipment adopting latest techniques and upgrading existing equipment.

(b) Minimising waste generation by maximising ash utilisation.

(c) Providing green belts for nurturing ecological balance and addressing the question of special purpose vehicles for afforestation.

(d) Reducing environmental pollution through ash pond management, ash water recycling system and liquid waste management.

(e) Ecological monitoring, reviews and online database management for all its power stations.

(12.1) Define the term 'sustainable development'. *1*

(12.2) What is the idea behind ISO certification ? *1*

(12.3) Examine the proactive approach of National Thermal Power Corporation (NTPC). *2*

## SECTION E

### (Map-based question) *(1+2=3)*

**13.** (i) On the given political outline map of **India** (on page 11), identify the place marked as 'A' with the help of the following information and write its correct name on the line marked near it.

A. The place where Jallianwala Bagh massacre took place. *1*

(ii) On the same given map of **India**, locate and label the following :

(a) (I) Singrauli Thermal Plant *1*

**OR**

(II) Mumbai Software Technology Park *1*

(b) Kolkata (Netaji Subhash Chandra Bose) International Airport *1*

***Note :*** *The following questions are for the* ***Visually Impaired Candidates*** *only, in lieu of Q. No. 13.* *3×1=3*

(13.1) Name the State where Jallianwala Bagh massacre took place. *1*

(13.2) (a) Name the State where Singrauli Thermal Plant is located. *1*

**OR**

(b) Name the State where Mumbai Software Technology Park is located. *1*

(13.3) Name the State where Kolkata (Netaji Subhash Chandra Bose) International Airport is located. *1*




ZOLLEGE.in

ZOLLEGE.in

प्रश्न सं. 13 के लिए

For question no. 13







ZOLLEGE.in